# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



Rajasthan Current Affairs

GET IT ON
Google Play

by GK Search Engine

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. स्कॉच फाउंडेशन ने किस ऐप के लिए जयपुर पुलिस को टेक्नोलॉजी इनोवेशन कैटेगरी में स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया है?

(a) नजर ऐप

(b) सुरक्षा ऐप

(c) गति ऐप

(d) इनमें से कोई नही

- जयपुर पुलिस की जनोपयोगी पहल 'नजर ऐप' को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है।
- किराएदार, ड्राइवर और घरेलू सहायकों के सत्यापन को आसान और पारदर्शी बनाने वाले ऐप के लिए स्कॉच फाउंडेशन ने जयपुर पुलिस को टेक्नोलॉजी इनोवेशन कैटेगरी में स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया है।
- यह अवार्ड 10 जनवरी को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया।
- पुलिस की ओर से यह अवार्ड 'नजर ऐप' के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले तत्कालीन एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने ग्रहण किया

## Yesterday Revision

1. निर्यात तैयारी सूचकांक (Export Preparedness Index) 2024 13 जनवरी को जारी किया गया। बड़े राज्यों की श्रेणी में राजस्थान को 17वां स्थान (Aspirer Category) मिला।

2. राज्य स्तरीय विशाल आरोग्य मेला-2026 का आयोजन 15–18 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है।-जयपुर

3. 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन नई दिल्ली और भोपाल में हुआ।-राजस्थान ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया कुल 107 पदक जीते

4. राजस्थान यूथ आइकॉन अवार्ड 2025-26 से नरसाराम चौधरी दाखा को सम्मानित किया गया।

5. भारत रिन्यूएबल एक्सपो-2026 का आयोजन जयपुर में 16–18 जनवरी 2026 तक होगा।

## 01. नीचे दिए गए कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए

(A) भारतीय सेना ने जयपुर में मनाया 78वां सेना दिवस

(B) राजस्थान को दूसरी बार इस ऐतिहासिक आयोजन मेजबानी मिली

(a) केवल A और B सत्य हैं  (b) केवल B सत्य हैं

(c) केवल A सत्य हैं  (d) केवल A और B असत्य हैं

**Important Facts:**

- भारतीय सेना ने जयपुर में मनाया 78वां सेना दिवस: पहली बार किसी असैन्य क्षेत्र में सेना दिवस परेड का भव्य आयोजन हुआ
- यह चौथी बार है जब सेना दिवस परेड दिल्ली के बाहर आयोजित हुई और पहली बार किसी असैन्य क्षेत्र में आयोजित की गई।
- राजस्थान को पहली बार इस ऐतिहासिक आयोजन मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ।
- परेड से पहले ऑपरेशन 'सिंदूर' एवं अन्य अभियानों में अदम्य साहस और वीरता के लिए शूरवीरों सूबेदार मेजर पवन कुमार, हवलदार सुनील कुमार सिंह, लांस नायक दिनेश कुमार, लांस नायक सुभाष कुमार और लांस नायक प्रदीप कुमार को मरणोपरांत 'सेना मेडल (गैलेंट्री)' से सम्मानित किया गया

## 02. हाल ही में राजस्थान में किस जिले की बामनवास कांकड़ पंचायत पूर्णतः जैविक-प्रमाणित पंचायत बन गई है?

(a) अलवर

(b) कोटपूतली-बहरोड़

(c) उदयपुर

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ ज़िले के बामनवास की कांकड़ पंचायत राज्य ही नहीं बल्कि उत्तर-पश्चिम भारत की पहली पूर्णतः जैविक-प्रमाणित पंचायत बन गई है।
- बामनवास कांकर पंचायत को राज्य की पहली पूर्णतः जैविक ग्राम पंचायत घोषित किया गया है, जिसमें इसके अंतर्गत आने वाले सातों ढाणियों/बसावटों में पूरी तरह जैविक खेती अपनाई जा रही है।
- यह उपलब्धि रासायन-मुक्त कृषि, पर्यावरण संरक्षण और किसान-हितैषी खेती को बढ़ावा देने की दिशा में भारत के बढ़ते प्रयासों को दर्शाती है। इससे ग्रामीण आजीविका को मजबूती मिलती है, साथ ही स्वस्थ खाद्य प्रणाली और दीर्घकालिक मृदा संरक्षण को भी प्रोत्साहन मिलता है।
- किसान सेवा केंद्र कोटपूतली और कोफेड संस्था की ओर से गांव में विशेष शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, 800 किसानों ने शपथ ली कि वे अब पूरी तरह जैविक खेती अपनाएंगे

## 03 निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

**कथन:**

1. विश्व का सबसे बड़ा डेस्टिनेशन वेडिंग हब बालोतरा जिले में बन रहा है
2. नेचर वैली डवलपर प्राइवेट लिमिटेड ने 500 करोड़ रुपए का एमओयू किया
3. नवंबर 2026 तक यह बनकर तैयार हो जाएगा

(A) केवल कथन 1 और 3 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1, 2 व ,3 सत्य हैं (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- विश्व का सबसे बड़ा डेस्टिनेशन वेडिंग हब राजस्थान के बालोतरा जिले में बनाया जा रहा है
- जिसमें देश-विदेश से लोग आकर यहां शादियां करेंगे। प्राकृतिक वातावरण बनाने के लिए कृत्रिम झील के साथ लाखों पौधे लगाए जाएंगे।
- विश्व प्रसिद्ध नाकोड़ा तीर्थ से महज 3 किलोमीटर दूर 350 बीघा जमीन पर 12 रिसोर्ट बनाए जाएंगे, जिनमें 3 हजार कमरे होंगे। यहां एक ही दिन अलग-अलग रिसोर्ट में 10 से 12 शाही शादियां हो सकेंगी।
- इसके लिए राइजिंग राजस्थान समिट में नेचर वैली डवलपर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 500 करोड़ रुपए का एमओयू हुआ है,
- नवंबर 2026 तक यह बनकर तैयार हो जाएगा

**04. छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में आयोजित प्रथम रोवर-रेंजर राष्ट्रीय जंबूरी में राजस्थान कौनसे स्थान पर रहा है?**

**(A) प्रथम**

**(B.) द्वितीय**

**(C) तृतीय**

**(D.) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

- 9 से 13 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित प्रथम रोवर-रेंजर राष्ट्रीय जंबूरी में राजस्थान ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए नेशनल कमिश्नर शील्ड एवं फ्लैग जीतकर देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- इस राष्ट्रीय आयोजन में श्रीलंका सहित देश के 35 राज्यों से लगभग 13 हजार रोवर-रेंजर्स ने सहभागिता की।
- जंबूरी में आयोजित लोक नृत्य, कैंप फायर शो, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राज्य प्रदर्शनी, कैंप फायर, ग्लोबल विलेज सहित 16 गतिविधियों में राजस्थान ने 14 में ए-ग्रेड और 2 में बी-ग्रेड प्राप्त कर श्रेष्ठता सिद्ध की। इस उपलब्धि में बाड़मेर जिले की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

05. जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में दैनिक भास्कर की ओर से श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान किसे प्रदान किया जाएगा?

(A) कुमार विश्वास

(B) पीयूष मिश्रा

(C) गुलज़ार

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के मंच पर 18 जनवरी को चारबाग में दैनिक भास्कर की ओर से श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान दिया जाएगा।
- इस बार यह सम्मान अभिनेता, संगीत निर्देशक, गायक, गीतकार, पटकथा लेखक पीयूष मिश्रा को दिया जाएगा।
- गौरतलब है कि पीयूष मकबूल, गुलाल, गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी मशहूर फिल्मों के लिए गीत लिख चुके हैं।
- भास्कर की ओर से आयोजित इस समारोह में उन्हें सम्मान स्वरूप 2 लाख रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा
- जेएलएफ के मंच से श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान की शुरुआत 2016 में हुई थी। हिंदी के लेखकों को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस सम्मान की शुरुआत हुई थी।

06. पश्चिमी राजस्थान दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड जोधपुर की ओर से 'दूध का दूध- पानी का पानी' अभियान कब चलाया जाएगा?

(A) 19 से 25 जनवरी तक

(B) 16 से 30 जनवरी तक

(C) 18 से 22 जनवरी तक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- पश्चिमी राजस्थान दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड जोधपुर की ओर से 'दूध का दूध- पानी का पानी' अभियान 16 से 30 जनवरी तक चलाया जाएगा।
- प्रबंध संचालक चिरंजीलाल साहू ने बताया कि अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सरस दूध व इससे बने उत्पादों की गुणवता के प्रति जागरूक करना व प्राइवेट दूधियों और खुल्ले दूध की निशुल्क जांच कर दुध गुणवत्ता का परिणाम बताना है

# PTI Exam 2025

Qराजस्थान की सुनीता धोबी ने ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में आयोजित 22 वीं सीनियर पैरा पावर लिफ्टिंग चॅम्पियनशिप में निम्नलिखित में से किस भार वर्ग में कांस्य पदक जीता?:- 79 कि.ग्रा.

Q. फरवरी 2025 पुणे में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज रेसलिंग टूनर्नामेंट में राजस्थान के किस खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया?:- अनिल कुमार

Q. मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना' हेतु राजस्थान बजट 2025-26 में कितनी राशि का कोष गठित किया गया है?- 3500 करोड़ रुपए

Q. गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस पुलिस अधिकारी को 'विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक' से सम्मानित किया गया?:- सत्येन्द्र सिंह

Q. निम्नलिखित स्थानों में से कहाँ पर राजस्थान का प्रथम 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स इन्डिजिनस फार्म स्थापित किया जाना प्रस्तावित है:- पाली

Q. मार्च, 2025 में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को आईटीबी बर्लिन में 'वुमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड निम्नलिखित में से किसके द्वारा दिया गया?:- पॅसिफिक एरिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन

**Today, Quiz:**

**Q. जयपुर में आयुर्वेद विभाग द्वारा राज्य स्तरीय विशाल आरोग्य मेला-2026 का आयोजन कब किया जा रहा है?**

(a) 15 से 18 जनवरी तक

(b) 13 से 16 जनवरी तक

(c) 14 से 17 जनवरी तक

(d) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine